an>

Title: Regarding alleged secessionist acitivity in Punjab.

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना) : मैडम, मैं आपका ध्यान एक गंभीर मुद्दे की तरफ दिलाना चाहता हूँ। एक नयी पार्टी जो पंजाब में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही है, उन्होंने बहुत ही खतरनाक एजेंडा जो देश और पंजाब को बरबाद कर सकता है, उस एजेन्डे को अपना एजेन्डा बनाया है। पिछले महीने एक ऐसा पोस्टर जारी किया गया, वट्सऐप पर ऐसे मैसेज आए कि जिसने पंजाब को तबाह किया, ...* उसके साथ ...* जो दिल्ली के चीफ मिनिस्टर हैं, उनकी और उनके जितने मैम्बर ऑफ पार्लियामैंट हैं, उनकी तस्वीर छपी। .....* का जन्मदिन जो इसी महीने की 12 तारीख को होता है, उसमें बोला गया कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने गाँवों में इकट्ठा होकर उनके साथ जुड़ें और ...* का जो मार्ग था, उस पर चलने की बात उन्होंने की। मैं समझता हूँ कि जो एजेन्डा पंजाब के लोगों ने बहुत साल पहले रिजैक्ट कर दिया था, उस एजेन्डे को दोबारा ...* और आम आदमी पार्टी पंजाब में लाना चाहती है। इसके पीछे जो विदेशों में बैठी एजेन्सीज़ हैं, जहाँ बहुत लोग हैं, जो एन.आर.आई. खालिस्तान और प्रो खालिस्तान के काम करते हैं ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुख्य मंत्री का नाम, किसी का नाम रिकार्ड पर नहीं जाएगा।

श्री रवनीत सिंह: उनका पैसा जो इस पार्टी के इलैक्शन्स में यूज़ हो रहा है, इनके फंक्शन्स में यूज़ हो रहा है, इसलिए यह जो विदेशों से पैसा आ रहा है, उसकी जाँच होनी चाहिए। यह पार्टी हमेशा पहले किसी भी मामले को, मुद्दे को भड़काती है और फिर पीछे हटती है।

माननीय अध्यक्ष : मुख्य मंत्री का नाम रिकार्ड पर नहीं जाएगा।

श्री रवनीत सिंह : इसके बारे में हमारी होम मिनिस्ट्री को जल्दी से जल्दी इस पर एफ.आई.आर. दर्ज करनी चाहिए क्योंकि स्टेट गवर्नमैंट बिल्कुल कुछ नहीं कर रही है। ...(व्यवधान)